**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-9 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9 (क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि कितने हार्स पावर तक के पम्पिंग सेट पर कितनी धनराशि की छूट का प्राविधान किया गया है? | कृषि विभाग की राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत पम्पसेट पर भारत सरकार की वर्तमान गाइडलाइन्स में पम्पिंग सेट का हॉर्स पावर निर्धारित नहीं है। पम्पिंग सेट पर अधिकतम रू० 10,000/- या मूल्य का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, अनुदान दिया जाता है।<br>लघु सिंचाई विभाग की सूचना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 से गत वर्षों में पूर्ण बोरिंग पर 5 हार्स पावर से 10 हार्स पावर तक के डीजल पम्पसेट पर अनुदान का विवरण निम्नवत् हैः-<br>• सामान्य श्रेणी के लघु कृषक हेतु रु० 18000/-<br>• सामान्य श्रेणी के सीमान्त कृषक हेतु रू० 25200/-<br>• अनुसूचित जाति के लघु एवं सीमान्त कृषकों को रू० 32400/- लघु सिंचाई विभाग द्वारा अधिकतम छूट प्रदान की जाती है। |
| (ख) किसानों को सिंचाई हेतु दिये जाने वाले पम्पिंग सेट का कितना मूल्य है? | कृषकों द्वारा क्रय किये गये ब्राण्ड अनुसार पम्प सेट का बाजार मूल्य भिन्न-भिन्न हो सकता है। |
| (ग) जनपद सिद्धार्थनगर में दिनांक 01.04.2022 से 01.01.2024 तक कितने पम्पिंग सेटों की बिक्री की गई है? | राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत दिनांक 01.04.2022 से दिनांक 01.01.2024 तक जनपद सिद्धार्थनगर में 10 पम्प सेट पर 1,00,000/- का अनुदान दिया गया है।<br>लघु सिंचाई विभाग द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर में दिनांक 01.04.2022 से दिनांक 01.01.2024 तक कुल 352 कृषकों को पम्प सेट पर कुल रू० 97.63 लाख का अनुदान दिया गया है। |
| (घ) उक्त पम्पिंग सेटों पर छूट का प्राविधान कब से किया गया है? | राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनान्तर्गत वर्ष 2007-08 से पम्पिंग सेटों पर छूट का प्राविधान किया गया है।<br>मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के शासनादेश संख्या-07/2022/एम०एस०45/76-4-2022-2/2(22)/2022,दिनांक 14.10.2022 द्वारा उपरोक्तानुसार अनुदान अनुमन्य है। |

सूर्य प्रताप शाही
कृषि मंत्री।